रौल नं०.....नाम परीक्षार्थी.....

XI-1S अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2024–25 ई० A

सामान्य हिन्दी (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 11 पूर्णांक – 100

खण्ड 'क'

1. (क) कौन–सा युग हिन्दी गद्य के उत्कर्ष का सूर्योदय काल था :– 1
(अ) भारतेन्दु युग (ब) द्विवेदी युग
(स) छायावाद युग (द) छायावदोत्तर युग।

(ख) 'फोर्ट विलियम' कॉलेज कहाँ स्थित था :– 1
(अ) आगरा (ब) मद्रास
(स) कलकत्ता (द) पूना।

(ग) 'ध्रुवस्वामिनी' की रचना विधा है :– 1
(अ) एकांकी (ब) ध्रुवदेवी
(स) नाटक (द) उपन्यास।

(घ) 'इन्दुमती' है :– 1
(अ) प्रथम कहानी (ब) प्रथम उपन्यास
(स) निबन्ध (द) इनमें से कोई नहीं।

(ङ) 'आवारा मसीहा' के लेखक है :– 1
(अ) अमृतराय (ब) प्रेमचन्द
(स) राहुल सांकृत्यायन (द) विष्णु प्रभाकर।

2. (क) आदिकाल को वीरगाथाकाल का नामकरण किया :– 1
(अ) हजारीप्रसाद द्विवेदी ने (ब) डॉ. रामकुमार वर्मा ने
(स) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने (द) मिश्रबन्धु ने।

(ख) 'खुमान रासो' के रचयिता हैं :– 1
(अ) जगनिक (ब) नरपति नाल्ह
(स) दलपति विजय (द) भट्टकेदार।

(ग) कबीर के दोहों को नाम से जाना जाता है :– 1
(अ) दूहा (ब) सबद
(स) साखी (द) पद।

(घ) हिन्दी के प्रथम कवि के रूप में मान्य हैं :– 1
(अ) गोरखनाथ (ब) चन्दबरदाई
(स) जगनिक (द) सरहपा।

(ङ) सूफी काव्यधारा के कवि हैं :– 1
(अ) बिहारी (ब) तुलसीदास
(स) नाभादास (द) जायसी।

3. निम्न गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 10

जो लोग अपने को देश–हितेषी लगाते हों वह अपने सुख को होम करके अपने धन और मान का बलिदान करके कमर कसके उठो। देखादेखी थोड़े दिन में सब हो जायेगा। अपनी खराबियों के मूल कारणों को खोजो। कोई धर्म की आड़ में, कोई देस की चाल की आड़ में, कोई सुख की आड़ में छिपे हैं। उन चोरों को वहाँ–वहाँ से पकड़कर लाओ। उनको बाँध–बाँधकर कैद करो। इस समय जो–जो बातें तुम्हारी उन्नति पथ की काँटा हो, उनकी जड़ खोदकर फेंक दो।

(पृष्ठ पलटिए)

(अ) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) देश के हितैषी लोगों को क्या करना चाहिए? उसका क्या परिणाम होगा?
(द) लेखक ने चोर किसे कहा है और उनका स्थान कहाँ बताया है?

अथवा

मौनरूपी व्याख्यान की महत्ता इतनी बलवती, इतनी अर्थवती और इतनी प्रभाववती होती है कि उसके सामने क्या मातृभाषा, क्या साहित्य भाषा और क्या अन्य देश की भाषा; सबकी-सब तुच्छ प्रतीत होती हैं। अन्य कोई भाषा दिव्य नहीं, केवल आचरण की मौन भाषा ही ईश्वरीय है। विचार करके देखो, मौन व्याखान किस तरह आपके हृदय की नाड़ी-नाड़ी में सुन्दरता को पिरो देता है। वह व्याखान ही क्या, जिसने हृदय की धुन को मन के लक्ष्य को-ही न बदल दिया।

(अ) गद्यांश के पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) आचरण की मौन भाषा का सम्बन्ध किससे है?
(द) कौन-सा कथ्य; व्याख्यान कहलाने का अधिकारी होता है?

4. निम्नलिखित किसी एक पद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10

(अ) काहे री नलनीं तूँ कुम्हिलानी, तेरे ही नालि सरोवर पानी।
जल मैं उतपति जल मैं बास, जल मैं नलनी तोर निवास।
ना तलि तपति न ऊपरि आगि, तोर हेतु कहु कासनि लागि।
कहै कबीर जे उदिक समाँन, ते नहीं मुए हमारे जान॥

(अ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) कवि किसके माध्यम से आत्मा की स्थिति पर प्रकाश डाला है?
(द) कबीर जीवात्मा से क्या कहते हैं?

(ब) निसि दिन बरसत नैन हमारे।
सदा रहति बरषा रितु हम पर, जब तैं स्याम सिधारे॥
दृग अंजन न रहत निसि बासर, कर कपोल भए कारे॥
कंचुकि-पट सूखत नहीं कबहुँ, उन बिच बहत पनारे॥
आँसू सलिल सबै भइ काया, पल न जात रिस टारे।
सूरदार-प्रभु यहै परेखौ, गोकुल काहैं बिसारे॥

(अ) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ब) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(स) श्रीकृष्ण ने वियोग में गोपियों के नेत्रों की क्या दशा हुई है?
(द) कवि के अनुसार गोपियों को किस बात का दुःख है?

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय एवं गद्य रचनाओं के बारे में लिखिए :- 5

(अ) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी (ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(स) सरदार पूर्णसिंह।

(ख) निम्न में से किसी एक कवि का जीवन परिचय एवं कृतियों का उल्लेख कीजिए - 5

(अ) कबीरदास (ब) तुलसीदास (स) सूरदास

6. 'बलिदान' या 'आकाशदीप' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 5

7. स्वपठित नाटक के किसी प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए। 5

खण्ड – 'ख'

8. निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ-सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए:- 7

(क) भारतवर्षस्य उत्तरप्रदेशराज्ये प्रयागस्य विशिष्टं स्थानमस्ति। अत्र ब्रह्मण: प्रकृष्टयागकरणात् अस्य नाम प्रयाग: अभवत्। गङ्गा-यमुनयो: सङ्गमे सितासितजले स्नात्वा जना: विगतकल्मषा भवन्ति इति जनानां विश्वास:। अमायां पौर्णमास्यां संक्रान्तौ च स्नानार्थिनामत्र महान् सम्मर्द: भवति।

अथवा

अस्योपत्यकासु विद्यमान: कश्मीरो देश: स्वकीयाभि: सुषमाभि: भूस्वर्ग इति संज्ञया अभिहितो भवति लोके, ततश्च पूर्वस्यां दिशि स्थित: किन्नर-देशो देवभूमिनाम्ना प्राचीनसाहित्ये प्रसिद्ध: आसीत्। अद्यापि 'कुलुघाटी' इति नाम्ना प्रसिद्धोऽयं प्रदेश: रमणीयतया केषां मनो न हरति।

(ख) दिए गए श्लोकों में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए :- 7

ईशावास्यमिंद सर्वं यत् किञ्च जगत्यां जगत्।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृध: कस्यस्विद् धनम्॥

अथवा

अकीर्तिं विनयो हन्ति हन्त्यनर्थं पराक्रम:।
हन्ति नित्यं क्षमा क्रोधमाचारो हन्त्यलक्षणम्॥

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी **एक** का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :- 2

(क) अंगद का पैर होना (ख) इज्जत मिट्टी में मिलाना
(ग) कुत्ते की मौत मरना (घ) घी के दीये जलाना।

10. निम्नलिखित के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए:- 3

(क) (अ) 'परमार्थ:' का सन्धि-विच्छेद है :-
(i) पर + मार्थ: (ii) परम + अर्थ:
(iii) परमा + अर्थ: (iv) परा + मार्थ:।

(ब) 'पावन:' का सन्धि-विच्छेद है :-
(i) पो + अन: (ii) पौ + अन:
(iii) पा + वन: (iv) पाव + न: ।

(स) 'सर्वेश' का सन्धि-विच्छेद है :-
(i) सर्व + एश: (ii) सर्व + ईश:
(iii) सर्वा + ईश: (iv) स + उर्वेश: ।

(ख) दिए गए शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार सही विकल्प छाँटकर लिखिए :- 2

(अ) 'आत्मना' शब्द रूप है आत्मन् के :-
(i) तृतीया एकवचन का (ii) चतुर्थी द्विवचन का
(iii) पञ्चमी द्विवचन का (iv) सप्तमी बहुवचन का।

(ब) सरिते :-
(i) तृतीय, द्विवचन (ii) षष्ठी, द्विवचन
(iii) चतुर्थी, एकवचन (iv) सप्तमी, एकवचन।

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए :- 2

(अ) अंश-अंशु
(i) भाग और सूर्य (ii) सूर्य और भाग
(iii) भाग और किरण (iv) भाग और वरूण।

(पृष्ठ पलटिए)

(ब) नियत–नियति

(i) निश्चित और भाग्य (ii) आदत और भाग्य

(iii) प्रकृति और गणना (iv) आदत और गणना।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो–दो अर्थ लिखिए :– 2

अंग, गुरू, चन्द्रमा, ठाकुर।

(ग) निम्न वाक्यांशों में से किन्हीं दो के लिए एक–एक शब्द लिखिए:– 2

(अ) जो करने योग्य न हो।

(ब) जो आँखों से दिखाई न दे।

(स) जो परीक्षा में उत्तीर्ण न हो।

(द) जानने की इच्छा रखने वाला।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध कीजिए:– 2

(अ) थाली में चार कटोरी है।

(ब) वह आपको केवल पचास रूपये मात्र दे सकता है।

(स) सोहन से राम को सौ रूपया दिये।

(द) राम और सीता साथ–साथ विद्यालय गई।

12. (क) सोरठा अथवा दोहा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) वीर रस अथवा करूण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ग) यमक अलंकार और रूपक अलंकार की परिभाषा दीजिए। 2

13. किसी उद्योग के प्रबन्धक को लिपिक के पद पर अपनी नियुक्ति हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए। 6

अथवा

मतदान में हुई गड़बड़ी के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए :–9

(क) दूर संचार में क्रान्ति

(ख) भ्रष्टाचार : एक सामाजिक बुराई।

(ग) साहित्य समाज का दर्पण है।

(घ) छात्र जीवन में अनुशासन का महत्व।